Title: Need to provide stoppage of Express trains at Rai and Koderma stations in the state of Jharkhand.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : अध्यक्ष महोदय, डाल्टनगंज से बड़काकाना के बीच में राय स्टेशन है । रेल मंत्रालय की आमदनी में इसका चौथा स्थान है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक भी वहां पर किसी भी रेलगाड़ी का ठहराव नहीं होता है । वहां की जनता इसके लिए लगातार आंदोलन करती रही है । 27 तारीख को सुबह चार बजे से 28 तारीख के बारह बजे तक सारी मालगाड़ियां वहां पर रुकी रहीं और दूसरी कोई भी ट्रेन नहीं गई । जब वहां पर डीसी और एसपी को लाया गया तो उन्होंने आश्वासन दे दिया।

महोदय, झारखंड में हटिया अमृतसर एक्सप्रैस शक्ति पुंज, झारखण्ड स्वर्णजयंती एक्सप्रेस के ठहराव के लिए लोग लगातार आंदोलन करते रहे हैं लेकिन अभी तक रेल मंत्रालय ने इस पर विचार नहीं किया । मैंने माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध किया और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को भी कई बार पत्र लिखा। उन्होंने हमें आश्वस्त किया कि इस पर विचार किया जाएगा लेकिन अभी तक वहां पर कुछ नहीं हुआ । इसी तरह से कोडरमा में, जहां से अधिकांश माननीय सांसद और आम लोग कोडरमा से दिल्ली और दूसरे कई राज्यों में जाते हैं, वहां पर शारदा राजधानी गाड़ी के ठहराव के लिए कई बार लिखा गया है। इसके लिए हम लोग लगातार कोशिश करते रहे हैं लेकिन अभी तक वहां पर शारदा गाड़ी का ठहराव नहीं हुआ जिसके कारण न केवल माननीय सांसदों को बल्कि आम जनता को भी परेशानी होती है ।

अध्यक्ष महोदय, राय स्टेशन के पास पिपरबार, बचरा और अशोका एरियाज़ हैं । इनके पास मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट खुलने वाले हैं और एनटीपीसी का थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट बनने वाला है । जब भी केंद्र से कोई अफसर या प्राधिकारी वहां आते हैं, या कोई ट्रेन आती है तो लखनऊ से कोडरमा के बीच डेढ़ सौ किलोमीटर की दूरी तय करके जाना पड़ता है, नहीं तो रांची से सवा सौ किलोमीटर की दूरी तय करके वहां जाना पड़ता है । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी और केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि राय स्टेशन पर, जिस ट्रेन की चर्चा की गई है उसका ठहराव किया जाए । इसके साथ ही सियालदह राजधानी गाड़ी का भी ठहराव किया जाए ।